तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 21 अप्रैल 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 दिल्ली की टीम ने गढ़ उपरोड़ा व तिलकेजा अस्पताल का किया निरीक्षण



# किताबों के बढ़ते दाम ने मजबूर किया पुस्तक दान अभियान के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निजी स्कूलों में चलने वाले सिलेबस की किताबों के बढ़ते दाम से जूझ रहे स्कूल के शिक्षक और अभिभावकों ने मिलकर एक नई पहल शुरू की है। पुस्तक दान के नाम से अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अभिभावक अपने बच्चों के उन किताबों को निचली कक्षा के बच्चों के लिए दान दे रहे हैं, ताकि बढ़ते किताबों के दामों से बच्चों और उनके अभिभावकों को आर्थिक समस्या का सामना न करना पड़े।

अलग खबर

एक दौर था जब सरकारी और निजी स्कूल के सिलेबस बदले नहीं जाते थे, जिससे किताबें कई छात्रों के काम आ जाती थी, किंतु निजी स्कूल के बढ़ते चलन के कारण बार बार सिलेबस बदलने की प्रक्रिया शुरू होने से प्रतिवर्ष अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए किताबें खरीदनी पड़ती थी, किंतु एक नये निर्देश के तहत निजी स्कूल प्रबंधन अब तीन वर्ष तक सिलेबस में बदलाव बिना शासन की अनुमति के बिना नहीं कर सकता। इसके देखते हुए कुछ अभिभावकों ने जिसमें शासकीय स्कूल के शिक्षक भी शामिल हैं। एक नई पहल शुरू की। पुस्तक दान अभियान के नाम से शुरू करने वाले बरपाली स्कूल के शिक्षक मुकुंद उपाध्याय के साथ निजी स्कूल के शिक्षक भी शामिल हैं, जिनके द्वारा अपने बच्चों की किताबों को निचली कक्षा के बच्चों के लिए दान दिया जा रहा है। अब तक 15 अभिभावकों के द्वारा किताबें प्रदान की गई हैं। जिनकी बाजार में एक पुस्तक की कीमत 100 रूपये से अधिक है। इस पहल से उन अभिभावकों को राहत मिली है। जिनको एक से अधिक बच्चे निजी स्कूल में अध्यनरत हैं। ऐसे अभिभावकों के सामने किताबें खरीदने के लिए आर्थिक खड़ा हो जाता था, पुस्तक दान के अभियान के तहत लगातार अभिभावक जुड़ते जा रहे हैं।

## अभिभावकों ने शिक्षकों के साथ मिलकर शुरू की पहल

### खास बातें

- निजी स्कूलों के छात्रों को मिल रही है सुविधा
- अभिभावक पुस्तक दान करने के लिए स्वयं आ रहे हैं सामने



### चलाते हैं मनमाफिक सिलेबस

राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को भी सरकार के द्वारा निःशुल्क किताबें प्रदान की जाती है। किंतु उसके बावजूद निजी स्कूल प्रबंधन अपने मनमाफिक ढंग से सिलेबस चलाते हैं। जिसकी वजह से अभिभावकों को निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने मजबूर होना पड़ता है।

प्राचार्य ने सीएल लेकर अवकाश लेने की बात कही

# प्रयास स्कूल में सरकारी अवकाश में भी नहीं मिली शिक्षकों को छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में संचालित प्रयास स्कूल के शिक्षकों को सरकार द्वारा दी गई ईद उल फितर, रामनवमी एवं चेट्रीचण्ड्र महोत्सव के अवकाश घोषित किए गए हैं, जो सभी शासकीय स्कूल में लागू हैं। किंतु प्रयास स्कूल में ये तीनों अवकाश के दिन शिक्षकों को इसका लाभ नहीं मिला।

जिले में शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है। जहां बच्चों को लिए जेईई और नीट की तैयारी की जाती है। जिसमें सरकारी स्कूल के बच्चे जेईई और नीट की तैयारी नवमी से 12वीं तक पढ़ते हुए करते हैं। शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन के लिए बच्चों का प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। इसमें कई उत्कृष्ट बच्चों का चयन भी होता है। प्रयास विद्यालय में छत्तीसगढ़ के शासकीय अवकाश को शिक्षकों को नहीं दिया जाता। जिसके कारण शिक्षक को आकस्मिक अवकाश लेकर अपना छुट्टी लेना पड़ता है। छुट्टी के लिए छत्तीसगढ सभी स्कूलों में एक ही नियम लागू है लेकिन प्रयास विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी गौरव शर्मा के द्वारा पूरे 365 दिन काम करने की सलाह दी जाती है और कहा जाता है कि यहां कोई भी छुट्टी मान्य नहीं है। अभी कुछ टीचरों ने ईद उल फितर, रामनवमी एवं चेट्री चंड के लिए शासकीय अवकाश की जानकारी दी, उसके बावजूद सभी टीचरों को कहा गया कि सभी को कोई भी छुट्टी देने के निर्देश विभाग से नहीं मिले हैं। छुट्टी लेने के लिए आपको सीएल लेना होगा। जिसमें कुछ टीचरों ने सीएल लेकर अवकाश लिया।

छत्तीसगढ़ के सभी स्कूलों में शासकीय अवकाश घोषित है, उसके बावजूद शिक्षकों को अपना सीएल लेकर अवकाश लेना पड़ा। शिक्षकों को लगभग साल भर में 20 सीएल मिलते हैं। तीन ओएल मिलता है, जिसमें से तीन सीएल का नुकसान शिक्षकों को हुआ। इसकी जानकारी लगने पर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन का हर अवकाश सभी विद्यालयों में लागू है और इसका लाभ सभी शिक्षको को मिलना अनिवार्य है।

### नहीं मिले थे निर्देश

तीन शासकीय शिक्षक स्कूल में भेजे गए हैं, जिन्हें शासकीय अवकाश के दिन छुट्टी देने के लिए कोई निर्देश शिक्षा विभाग की ओर से नहीं जारी किए गए हैं। स्कूल में नीट और जेईई परीक्षा की तैयारी होती है, जिसके लिए प्रतिदिन पढ़ाई जरूरी है।

-गौरव शर्मा, प्राचार्य प्रयास स्कूल

# कोरबा लोकसभा में 16 लाख 18 हजार 437 मतदाता डालेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा लोकसभा के आठ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 16 लाख 18 हजार 437 मतदाता सामने आए हैं। हालांकि मतदान के पूर्व तक मतदाता सूची में नाम जोड़े जा सकेंगे। कुल 52 थर्ड जेंडर मतदाता लोकसभा अंतर्गत हैं। लोकसभा में महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है।

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद भी नाम जोड़ने का काम निर्वाचन कार्यालय में जारी है। 15 अप्रैल को निर्वाचन विभाग द्वारा जारी की गई मतदाता संख्या के अनुसार लोकसभा के अंतर्गत 16 लाख 18 हजार 437 मतदाता हैं, जिनमें 815052 महिला मतदाता हैं। इसी तरह 803332 पुरूष मतदाता हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम अभी भी जारी है। ऑनलाईन और ऑफलाईन दोनों माध्यम से नाम जोड़ने का कार्य जारी है। निर्वाचन विभाग ने मतदान के पूर्व तक 18 वर्ष तक की आयु पूरी करने वाले मतदाता के भी नाम जोड़ने की जानकारी दी है। जिससे मतदाता संख्या में और भी वृद्धि होने की जानकारी सामने आई है। 16 अप्रैल से नाम जोड़े जा रहे हैं जो 30 अप्रैल तक जारी रहेगा।

### खास बातें

- मतदान के पूर्व तक भी जोड़े जा सकेंगे मतदाता सूची में नाम
- आठों विधानसभा में 52 थर्ड जेंडर मतदाता

### कहां कितने मतदाता

| विधानसभा | मतदाताओं की संख्या |
|---|---|
| भरतपुर | 177901 |
| मनेन्द्रगढ़ | 135305 |
| बैकुंठपुर | 170768 |
| रामपुर | 224764 |
| कोरबा | 262166 |
| कटघोरा | 216958 |
| पालीतानाखार | 232688 |
| मरवाही | 197887 |

# यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की सभा आज, साथ आएंगे उद्योग मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन रविवार को हेलीकॉप्टर से कोरबा आएंगे। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 21 अप्रैल को कोरबा आगमन हो रहा है। इस दौरान श्री आदित्यनाथ कोरबा पूर्व के सीएसईबी फुटबॉल मैदान में आम सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में मतदान करने अपील करेंगे।

### खास बात

- सीएम योगी आदित्यनाथ जनसभा को करेंगे संबोधित

उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन रविवार को



योगी आदित्यनाथ



लखनलाल

यूपी के सीएम श्री योगी आदित्यनाथ के साथ तीनों लोकसभा में आयोजित आमसभा में शामिल होंगे। राजनांदगांव लोकसभा के खुज्जी में आयोजित आमसभा के बाद सीएम श्री योगी आदित्यनाथ के साथ उद्योग मंत्री श्री देवांगन हेलीकॉप्टर से दोपहर 1.30 बजे कोरबा के लिए रवाना होंगे। कोरबा के सीएसईबी मैदान में आयोजित आमसभा के बाद सीएम श्री योगी आदित्यनाथ और उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन दोपहर 4 बजे बिलासपुर लोकसभा के बेलतरा में आयोजित आमसभा में शामिल होने के लिए रवाना होंगे। बेलतरा से हेलीकॉप्टर से रायपुर पहुचेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ के दौरे को लेकर व्यवस्थाएं चाक-चौबंध की जा रही है। सभा स्थल पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की जा रही है। फायरब्रांड योगी आदित्यनाथ को बड़ी संख्या में सुनने लोगों के आने की संभावना है।

## भू विस्थापितों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** कुसमुंडा खदान से प्रभावित 9 गांव के ग्रामीणों ने उनकी समस्याओं के समाधान नहीं होने की वजह से लोकसभा चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। इसे लेकर प्रभावित भूविस्थापितों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मतदान बहिष्कार करने की सूचना दी है। कलेक्टर को जारी विज्ञापन में भूविस्थापितों ने उल्लेख किया है कि हम समस्त ग्रामवासी पाली पड़निया, सोनपुरी, जटराज, चंद्रनगर खैरभवना, खोडरी, चुरैल, अमगांव में निवासरत हैं। यह सभी ग्राम कोयला खदान के बहुत अधिक नजदीक होने की वजह से हम पिछले 15 वर्षों से कई समस्याओं से जूझते आ रहे हैं। समस्याओं को लेकर कई बार शासन प्रशासन को आवेदन करने के बाद भी आज तक सुनिश्चित समाधान नहीं होने के कारण आखिरकार हम सब इस बार ग्रामीण लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करने का निर्णय लिए हैं।

## खबर संक्षेप

### 10 मई तक आ सकते हैं बोर्ड परीक्षा के परिणाम

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10वीं और 12वीं का उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है। रिजल्ट 10 मई के आसपास जारी भी होंगे। अब अधिकारी भी माशिमं के गुप्त कक्ष से कम्प्यूटर से प्रमाण पत्र बनाने में लगे हुए है। उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने का कार्य 16 अप्रैल के आसपास पूरा हुआ है। इसके तुरंत बाद छात्रों का प्रमाण पत्र बनाने के कार्य भी तेजी से चल रही है। परीक्षा परिणाम 10वीं और 12वीं का एक साथ जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 23 मार्च को ही समाप्त हो गई थी। इसके बाद 20 दिन उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में लगे। विद्यार्थियों और पालकों को भी रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार है।

### पैसेंजर मेमू के बाद अब चार दिन कोचुवेलि भी रहेगी रद्द

**कोरबा।** वैवाहिक सीजन में ट्रेनों के रद्द होने से परेशानी बढ़ गई है। पैसेंजर मेमू के बाद अब कोचुवेलि को भी रद्द कर दिया गया है। सिकंदराबाद रेल मंडल के काजीपेट जं-कोंडापल्ली सेक्शन एवं विजयवाड़ा रेल मंडल के विजयवाड़ा -गोधरा जंक्शन के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य जाएगा। इसके साथ ही नान इंटरलाकिंग कार्य के लिए कुछ गाडि़यों का परिचालन प्रभावित रखने का निर्णय लिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे होकर चलने वाली कुछ गाडि़यों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें कोरबा से चलने वाली 22647 कोरबा-कोचुवेलि एक्सप्रेस 29 अप्रैल, 6, 15 एवं 18 मई को रद्द रहेगी। इसी तरह कोचुवेलि से चलने वाली 22648 कोचुवेलि-कोरबा एक्सप्रेस 27 अप्रैल, 4, 16 एवं 20 मई को रद्द रहेगी। गर्मी में बच्चों के स्कूल में अवकाश होने के साथ यात्रा करने की तैयारी शुरू हो जाती है, पर रेल प्रबंधन द्वारा कतिपय कारणों से लगातार ट्रेनों को निरस्त कर रहा है, इससे यात्रियों को सफर करना मुश्किल होते जा रहा है। रेल प्रबंधन ने इस बार कोरबा से कोच्चुवेली चलने वाली द्विसाप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को चार दिन निरस्त कर दिया है। कोच्चुवेली ट्रेन निरस्त होने से यात्रियों को ज्यादा दिक्कत होगी।

### अनन्या का नवोदय विद्यालय में चयन

**हरदीबाजार।** विकासखण्ड पाली के शासकीय प्राथमिक शाला रेंकी



भदरापारा के कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्रा कुमारी अनन्या पटेल पिता रामनाथ का चयन नवोदय विद्यालय छुरी में हुआ, जिससे माता-पिता विद्यालय सहित शिक्षिका श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा हर्षित है। कु.अनन्या ने अपनी सफलता का मुख्य श्रेय श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा को दी। इस दौरान गरिमा पटेल, चैतन्य कंवर, दीपिका पटेल, शिवा कंवर, आयुष कुमार, देव्यांशु यादव, निखिल पटेल का भी चयन नवोदय विद्यालय में हुआ।

# एसईसीएल के 150 टन वाले डंपर आपरेटरों को मिलेगा ओटी


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा परियोजना में कार्यरत ऐसे डंपर ऑपरेटर जिनके द्वारा 150 टन वाले डंपर का परिचालन किया जाता है। उन्हें भी अब अतिरिक्त कार्य का ओटी दिया जाएगा। इसके पहले 240 टन वाले डंपर ऑपरेटरों को ही ओटी दिया जाता था। जिसकी वजह से 150 टन वाले डंपर ऑपरेटर लंबे समय से ओटी की मांग कर रहे थे।

एसईसीएल गेवरा परियोजना में अब तक 240 टन वाले डंपर आपरेटरों को ओटी मिलते आया है। जबकि 150 टन वाले डंपर आपरेटर ओटी से वंचित थे। एसईकेएमसी के प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारियों से मुलाकात कर 150 टन वाले डंपर आपरेटरों को ओटी देने की मांग की है। प्रतिनिधि मण्डल में शामिल सदस्यों का कहना है कि 240 टन वाले डम्फर आपरेटर 6 बजे ड्यूटी जाते है और दोपहर 2 बजे उनकी छुट्टी हो जाती है।

छुट्टी के बाद भी उनसे काम कराया जाता है। उन्हें 4 -5 घंटे का ओटी मिलता है। अब तक 150 टन वाले डंपर आपरेटर ओटी से वंचित थे। अब उन्हें भी ओटी दिए जाने की जरूरत है। प्रबंधन ने एसईकेएमसी की मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है।




# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### सिल्वेस्टर पर लगा 'तुलसा किंग' के कलाकारों का अपमान करने का आरोप



हॉलीवुड अभिनेता और फिल्ममेकर सिल्वेस्टर स्टेलोन पर पैरामाउंट प्लस सीरीज 'तुलसा किंग' के अटलांटा सेट पर अन्य अभिनेताओं के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगा है। आरोप लगा कि उन्होंने सेट पर टॉक्सिक माहौल बनाया। कहा गया है कि 'तुलसा किंग' के कास्टिंग निर्देशक रोज लॉक ने सीरीज छोड़ दी है। सिल्वेस्टर के प्रतिनिधियों ने टिप्पणी के पर जवाब नहीं दिया। 'तुलसा किंग' को 'येलोस्टोन' के सुपरस्टार श्रोता टेलर शेरिडन ने बनाया था। वर्तमान में वे अटलांटा में अपने दूसरे सीजन की शूटिंग कर रहे हैं। 'तुलसा किंग' का सीजन 1 का प्रीमियर नवंबर 2022 में हुआ था, जो ओक्लाहोमा में फिल्माया गया था, जहां शो सेट है। कहा जाता है कि पैरामाउंट प्लस को आरोपों की जानकारी है। रोज लॉक ने बताया कि उन्होंने शो से इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि सेट पर काफी टॉक्सिक माहौल था। सिल्वेस्टर के खिलाफ जिन दावों पर अन्य अभिनेताओं के बीच चर्चा छिड़ गई, उन्हें टीवी लेखिका जूली बेन्सन ने सोशल मीडिया पर साझा किया। 8 अप्रैल को जूली ने एक्स पर दो स्क्रीनशॉट पोस्ट किए और लिखा, 'यह परेशान करने वाली खबर मेरे अटलांटा मित्र से मिली, जिसकी पृष्ठभूमि इस सप्ताह तुलसा किंग से है। कास्टिंग एजेंट ने नौकरी छोड़ दी, क्योंकि वह बहुत निराश थी। मेरा दोस्त अब काम करने को लेकर चिंतित महसूस कर रहा है। सिल्वेस्टर आपको अपने बारे में क्या कहना है सर? निराश होने के अलावा, मैं गुस्से में हूं।' स्क्रीनशॉट में एक फेसबुक पोस्ट था, जिसमें एक आरोप का जिक्र किया गया था कि स्टैलोन को शो के निर्देशक से यह कहते हुए सुना गया था, इन बदसूरत कलाकारों के साथ क्या हो रहा है। उन्होंने कलाकारों को बदसूरत और मोटा व्यक्ति कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे आसपास रहने के लिए युवा सूंदर लड़कियां लेकर आओ। फेसबुक पोस्ट में कहा गया है कि रोज लॉक ने शो से इस्तीफा दे दिया है और इसका हम समर्थन नहीं करते, यह कलाकारों का अनादर है।

## टॉलीवुड

### 'वेट्टैयन' में विलेन का किरदार निभाने होगी राणा की एंट्री



सुपरस्टार रजनीकांत अपनी आने वाली फिल्म 'वेट्टैयन' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह एक मल्टीस्टारर फिल्म है। इसी बीच फिल्म को लेकर एक अफवाह सोशल मीडिया पर फैल रही है। इस अफवाह से ही दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। सोशल मीडिया पर इस फिल्म में अभिनेता राणा दग्गुबाती के किरदार को लेकर काफी चर्चा चल रही है। कहा जा रहा है कि राणा दग्गुबाती विलेन का किरदार निभाते दिखेंगे। उनका किरदार बेहद खतरनाक होने वाला है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म सामाजिक मुद्दे पर आधारित है। इसका निर्देशन टीजे ग्नानवेल कर रहे हैं। फिल्म में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा फहद फासिल, दुशारा विजयन, रितिका सिंह और मंजू वारियर भी मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगे। 'वेट्टैयन' में जाने-माने संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर की धुनें भी सुनने को मिलेगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर से रजनीकांत और अमिताभ बच्चन एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। इससे पहले दोनों को साल 1991 में रिलीज हुई फिल्म 'हम' में देखा गया था। मेकर्स ने कुछ दिन पहले ही फिल्म का एक नया पोस्टर साझा किया था। इसके साथ बताया गया था कि फिल्म 'वेट्टैयन' अक्तूबर 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## छॉलीवुड

### प्रणव झा की बीए फाइनल ईयर आज आएगी बड़े पर्दे पर




प्रणव झा निर्देशित “बीए फाइनल ईयर” 19 अप्रैल को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का ट्रेलर पिछले दिनों रिलीज हुआ था। ट्रेलर रिलीज होने के बाद यह तो साफ हो गया था कि दर्शकों को फिल्म में साउथ इंडियन अभिनेत्री और छत्तीसगढ़िया हीरो की जुगलबंदी देखने को मिलेगी। फिल्म में अभिनेता मन कुरैशी और अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल की जोड़ी भी बेहद आकर्षक लग रही है। फिल्म अभिनेता मन कुरैशी नगर निगम की गाड़ी में कचरा ढोने का काम करते हैं साथ ही साथ उस कॉलेज में पढ़ाई करते हैं जिस कॉलेज में साउथ इंडियन अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल भी अध्यनरत है। छत्तीसगढ़िया हीरो को साउथ इंडियन लड़की से प्यार हो जाता है और उनके प्यार में आडे आती है साउथ इंडियन लड़की की मां। फिल्म की कहानी कुछ हद तक कमल हासन और रति अग्निहोत्री की 'एक दूजे के लिए' की याद दिलाती है। हालांकि पूरी कहानी का खुलासा तो फिल्म के रिलीज होने के बाद ही होगा। बीए फाइनल ईयर का ट्रेलर सुंदरानी यूट्यूब चैनल पर बड़ी तादाद में व्यू बटोर रहा है। फिलहाल फिल्म के रिलीज होने पर ही साफ होगा कि दर्शक कितना प्यार लुटाते हैं।

## लाइफ स्टाइल

### यूनिक स्टाइल



न्यूयार्क फैशन वीक में डिजाइनर कोशिश करते हैं कि उनकी दी हुई डिजाइन अनूठी हो। अलग-अलग थीम पर तैयार ड्रेस के साथ मॉडल रैम्प पर उतरते हैं। पिछले दिनों यहां यूनिक स्टाइल पर हुए शो से पहल सारे मॉडल एक साथ नजर आ रहे हैं। सभी किसी एक डिजाइनर की नहीं बल्कि अलग-अलग डिजाइनर के कलेक्शन के साथ स्टेज पर नजर आए।

## कर्ली हेयर को स्ट्रांग और शाइनिंग बनाने जानें उपाय



मौसम कोई भी घुंघराले बालों को काफी केयर की जरूरत होती है। घुंघराले बालों की केयर नहीं करने पर वो ड्राई हो जाते हैं और वजह से बालों के झड़ने की समस्या शुरू हो जाती हैं। जहां हर महिला चाहती हैं कि उसके घुंघराले बाल स्ट्रांग हो साथ ही वो खूबसूरत नजर आए तो ऐसे में जरूरी है बालों की सही तरीके से केयर करें। इस आर्टिकल में हम आपको कर्ली बालों की कैसे केयर करें ऐसी कई सारी टिप्स देने जा रहे हैं और इन टिप्स को फॉलो करने से आपके कर्ली बाल स्ट्रांग होंगे तो वहीं शाइन भी करेंगे।

**ऑइलिंग और साफ-सफाई है जरूरी :** कर्ली हेयर की केयर करने के लिए इनकी सफाई करना बहुत ही जरूरी है और इसके लिए जरूरी है बालों को धोना। बालो को धोने से पहले इनपर अच्छी तरह से तेल लगा लें और इसके लिए आप नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**कंडीशनर और शैम्पू का करें इस्तेमाल :** बालो को हफ्ते में 2 से 3 साफ करें और इसके लिए सही शैम्पू का चुनाव करें। वहीं शैम्पू का इस्तेमाल के बाद बालों पर कंडीशनर भी लगाए। वबाल धोने के दौरान बालों को रगड़ें नहीं बल्कि हल्की हाथों से मालिश करते हुए बालो को धोएं।

**पानी के तापमान का रखें ध्यान:** बालों को धोने के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि बालों को न ज्यादा गर्म पानी से धोएं न ही ठंडे पानी से धोएं। बालों को धोने के लिए आप गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें ताकि बाल ड्राई न हो। वहीं अगर आप इस बात का ध्यान रखते हैं तो बाल स्ट्रांग और शाइनी होंगे ।

**बालों को करें ट्रीम :** कर्ली हेयर को समय -समय रहते हुए ट्रीम भी करें। ऐसा करें से दो मुंहे बालों की समस्या कम हो जाती है साथ ही बालों ग्रोथ भी बढ़ती हैं। वहीं बालों में चमक भी आती है।

**हीटिंग टूल्स का न करें इस्तेमाल :** कई बार ऐसा होता है जब हम बालों को सुखाने के लिए हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। बालों को सुखाने के हेयर ड्रायर का कम इस्तेमाल करें। हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करने से बाल कमजोर हो जाते हैं साथ ही बालों की शाइनिंग भी कम हो जाती है।

## पहननी है चिकनकारी कुर्ती तो ऐसे पूरा करें अपना लुक



जब भी गर्मी का मौसम आता है, तो लड़कियों को अपने कपड़ों की चिंता सबसे पहले सताती है। वो इस मौसम में ऐसे कपड़े पहनना चाहती हैं, जो पहनने में आरामदायक तो हों, लेकिन इससे उनके स्टाइल पर किसी तरह का प्रभाव न पड़े। ऐसे में वो इस तरह के ही कपड़ों का चयन करती हैं, तो कंफर्टेबल होने के साथ खूबसूरत भी दिखें। ऐसे कपड़ों में चिकनकारी कुर्ती को सबसे खास माना जाता है। चिकनकारी कुर्ती देखने में काफी क्लासी लगती है, और ये पहनने में काफी आरामदायक होती है। ऐसे में हर उम्र की महिला और लड़कियां चिकनकारी कुर्ती पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी चिकनकारी कुर्ती पहनना पसंद है, लेकिन आपको समझ नहीं आता, कि इसे कैसे स्टाइल करें, तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको चिकनकारी कुर्ती को सही से स्टाइल करने का तरीका बताएंगे, ताकि गर्मी के मौसम में भी आपका लुक सबसे खूबसूरत दिखे।



### प्लाजो के संग पहनें

वैसे तो ज्यादातर लड़कियां चिकनकारी कुर्ता जींस के साथ ही कैरी करती हैं, लेकिन अगर आप ऐसा कुर्ता पहन रहीं हैं, तो उसके साथ प्लाजो पहनें। शिफॉन फैब्रिक का प्लाजो आपके लुक को खूबसूरत बनाएगा।

### हील्स लगेगी खूबसूरत

आप चाहें तो अपने लुक को पूरा करने के लिए हील्स कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी कुर्ते के साथ हील्स काफी स्टाइलिश लुक देगी। अगर आपको हील्स नहीं पसंद तो कोल्हापुरी चप्पल भी इसके साथ कमाल की लगेगी।

### कानों में झुमके

एथनिक के साथ हमेशा झुमके प्यारे ही लगते हैं, लेकिन अगर बात करें चिकनकारी कुर्ते की, तो उसके साथ आप इस तरह के ईयररिंग्स भी कैरी कर सकती हैं। ऐसे ईयररिंग्स देखने में भी काफी खूबसूरत लगते हैं।

अगर आपके बाल लंबे हैं, तो ये आप पर काफी जचेंगे। चिकनकारी कुर्ते के साथ अपने बालों को अलग आप खुला रखेंगी, तो आपका लुक कमाल का लगेगा। इसीलिए अपने बालों को खुला ही रखें, ताकि आपका लुक देखने में स्टाइलिश भी लगे।

## शादी के फंक्शन में पहनने के लिए परफेक्ट हैं ये आउटफिटस

शादी किसी भी की हो इस खास मौके पर आप हर महिलाएं खास नजर आना चाहती हैं। कई बार ऐसा होता है जब महिलाएं एक परफेक्ट आउटफिट का चुनाव कर पाती हैं। वहीं अगर आप भी शादी में किस तरह का आउटफिट पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से शादी में पहनने के लिए एक परफेक्ट आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं। सी आर्टिकल में हम आपको एक्ट्रेसेस के आउटफिट के कुछ लुक दिखाएंगे और इन लुक ससे आप शादी में पहनने के लिए आइडिया ले सकती हैं।

**साड़ी:** अगर आप शादी में साड़ी पहनना चाहती हैं तो आप एक्ट्रेस श्वेता तिवारी के लुक से आइडिया लके सकती हैं। एक्ट्रेस ने ग्रीन कलर की साडी वियर की हैं और इस साड़ी में गोल्डन वर्क किया गया है। इस साडी के साथ अच्त्रेस्सने छूकर ज्वेल्लेरी पहनी है साथ ही बालों को एक साइड खुला करके स्टाइल किया है। वहीं आप भी इस तरह की साड़ी में वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको कई सरे डिजाइन में ऑनलाइन मिल जाएँगी साथ ही आप इन्हें ऑफलाइन भी खरीद सकती हैं। वी इस तरह की साड़ी आपको 1000 से 1500 रूपये में मिल जाएँगी।



**प्लाजो पैंट:** वहीं शादी के हल्दी फंक्शन के लिए आप इस तरह का येलो प्लाजो पैंट वियर कर सकती हैं और इस आउटफिट को किस तरह से स्टाइल करना हैं इसके लिए आप एक्ट्रेस हिना खान के लुक से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने बालों को खुला करके स्टाइल किया सतह ही एक्ट्रेस ने फुटवियर में हील्स पहने हैं। वहीँ सी तरह की ड्रेस आपको बाजार में सस्ते दाम में मिल जाएंगी साथ ही ऑनलाइन भी इस तरह की ड्रेस को 1000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। वहीँ किसी दरजी के पास से भी आप इस तरह की ड्रेस सिल्वा सकती हैं। वहीं मेहँदी फंक्शन के लिए आप इस तरह का सूट ग्रीन वेलवेट सूट वियर कर सकती हैं।

## अंगरखा सूट के साथ वियर करें ऐसी ज्वेलरी, दिखेंगी खूबसूरत

सूट के साथ जब आप ज्वेलरी वियर करती हैं तो इससे आपका लुक और भी अच्छा लगने लगता है। इसलिए आपको इसे ट्राई जरूर करना चाहिए। जब भी एथनिक आउटफिट की बात आती है तो सबसे पहले हम सूट को स्टाइल करना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इन्हें पहनना भी आसान होता है। साथ ही इसे हम कहीं भी पहनकर जा सकते हैं। लेकिन यह लुक भी तभी अच्छा लगता है जब हम इसके साथ अलग-अलग डिजाइन की ज्वेलरी को वियर करेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपके लुक में एक अलग ग्रेस आता है। साथ ही अलग-अलग ज्वेलरी स्टाइल करने का मौका मिलता है।

**अंगरखा सूट के साथ स्टाइल करें चोकर सेट:** अंगरखा सूट के साथ चोकर सेट अच्छा लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसकी नेकलाइन ही काफी अट्रैक्टिव होती है। इसमें आपको वी शेप की नेकलाइन मिलती है। जिससे सूट के साथ पहनी जाने वाली ज्वेलरी और भी खूबसूरत लगती है। आप सूट के साथ हैवी वर्क वाले चोकर सेट को स्टाइल कर सकती हैं। साथ में स्टड इयररिंग्स को पेयर करें। इसे और सुंदर बनाने के लिए हाथ में रिंग भी पहन सकती हैं। जिससे यह पूरा लुक खूबसूरत लगे। मार्केट में इस तरह की ज्वेलरी आपको 50 से 100 रुपये में मिल जाएगी।



**ऑक्सीडाइज्ड कंगन और इयररिंग्स सेट:** अंगरखा सूट के साथ जरूरी नहीं की आप हैवी नेकलेस को वियर करें। आप इसके साथ कंगन और इयररिंग्स को ही वियर कर सकती हैं। इसके लिए आपको ऑक्सीडाइज्ड कंगन और इयररिंग्स का सेट खरीदना होगा। इसके लिए आप मार्केट जाकर पटरी में बैठने वाले लोगों से इसकी शॉपिंग कर सकती हैं। इयररिंग्स आपको 50 रुपये और कंगन 100 रुपये में मिल जाएंगे।

## कार्नर न्यूज

### नई दुल्हन के लिए जरूरी है लेटेस्ट फैशन के साथ लुक को भी निखारें

# शादी के बाद अपने स्टाइल से जीतें ससुराल वालों का दिल, कपड़ों से मेकअप तक का रखें ध्यान

शादी के बाद आप अपनी खूबसूरती को पहनावे, मेकअप और ज्वेलरी से और भी आकर्षक बना सकती हैं। जमाना फैशन का है, लेकिन शादी के बाद क्या आप अपने स्टाइल पर ध्यान देती हैं? शादी के दिन लड़कियां बहुत सुंदर दिखती हैं। वे महीनों से इस खास दिन के लिए तैयारी करती हैं, तब जाकर कहीं दुल्हन वाला निखार आता है लेकिन सिर्फ शादी के दिन सुंदर दिखने से काम नहीं चलेगा। जरूरी है शादी के बाद भी स्टाइलिश और आकर्षक दिखना, क्योंकि आप ही उस समय परिवार और आस-पड़ोस में आकर्षण का केंद्र होती हैं। ऐसे में आप किस तरह अपने लुक को खास बना सकती हैं और कैसे सबसे खास तथा खूबसूरत दिखें, इसके तरीके जान लें।







**कपड़ों का कलेक्शन:** साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिससे आप बेहतरीन पारंपरिक लुक पा सकती हैं। शादी के बाद कई ऐसी रस्में होती हैं, जिनमें आपको साड़ी पहननी होती है। ऐसे में दुल्हन पर गहरे रंग के साथ बनारसी साड़ी, सिल्क साड़ी और कांजीवरम साड़ी अधिक जंचती है और रॉयल लुक देती है। वहीं चिकनकरी साड़ी वजन में हल्की होती है। आजकल नेट भी फिर से ट्रेंड में है तो आप हल्के वर्क के साथ नेट की साड़ी भी पहन सकती हैं, लेकिन ध्यान रहे कि इस तरह की साड़ी पहनते समय आप इसे सही से पिनअप करें, ताकि उसे आसानी से संभाल पाएं। आप फैमिली फंक्शन के लिए डिजाइनर लाचा एवं लहंगा भी कैरी कर सकती हैं। वहीं, आप सूट में फ्लोरल सूट, अनारकली सूट, हैंड ब्लॉक प्रिंटेड सूट, नेक वर्क वाले सूट और स्ट्रेट कट सूट का कलेक्शन जरूर रखें। यदि आप चटक रंग पहनती हैं तो जरूर पहनें, क्योंकि शादी के बाद ऐसे रंग आपके निखार को और भी बढ़ा देते हैं।

**ड्रेस के अनुसार ज्वेलरी:** यदि आप रॉयल लुक साड़ी पहनती हैं तो उसके साथ पुराने डिजाइन या नए डिजाइन की गोल्ड ज्वेलरी भी बहुत फबती है। साथ ही चोकर सेट भी आपके लुक में चार चांद लगा देती है, इसलिए इसे अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। लाइट वेट साड़ी के साथ आप मैचिंग ज्वेलरी पहनें तो बेहतर होगा। सूट के साथ भी आप गोल्ड चेन, लाइट नेकलेस या मैचिंग/मेटालिक हैवी ईयररिंग पहन सकती हैं।

**हेयरस्टाइल:** शादी के बाद हेयरस्टाइल को लेकर नई-नवेली दुल्हनें काफी परेशान रहती हैं। इसलिए साड़ी या किसी भी तरह के आउटफिट के साथ अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप आसान और डिफरेंट हेयरस्टाइल, जैसे साइड रैप बन, साइड ब्रेड हेयर स्टाइल, लो बन, हाई वेवी पोनी टेल या वेवी हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

## खबर संक्षेप



### मतदाता जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के मतदान हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पंचायत तानाखार में विद्यार्थियों व ग्रामीण महिला-पुरूषों के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, मतदान हेतु शपथ ग्रहण तथा सुआ नृत्य के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया। जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत शिवपुर में ग्रामीण महिला-पुरूषों द्वारा मतदान करने के लिए सामूहिक शपथ ली गई। इसके साथ ही गांव में जागरूकता रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। इसी प्रकार स्याहीमुड़ी के शासकीय हाईस्कूल में छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक करके करके शत-प्रतिशत मतदान करने तथा लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

### पांच अभ्यर्थियों के स्क्रूटनी में नामांकन हुए निरस्त

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए स्क्रूटनी का काम शनिवार को निर्वाचन कार्यालय में किया गया। जहां पांच अभ्यर्थियों के नामांकन निरस्त कर दिए गए हैं। नामांकन पत्र में कई तरह के त्रुटिया स्क्रूटनी के दौरान निर्वाचन अधिकारी को मिली थी, जिसे राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के बाद निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई। जिन अभ्यर्थियों के नामांकन निरस्त किए गए हैं उनमें रितेश्वरी गढ़ेवाल जिनके द्वारा निक्षेप राशि जमा नहीं की गई एवं बी फार्म में हस्ताक्षर नहीं थे। इसके अलावा प्रस्ताव के नाम भी नहीं थे तथा प्रारूप 26 भी जमा नहीं किया गया था। इसी तरह मो.सागीर अंसारी निर्दलीय द्वारा भी निक्षेप राशि नहीं जमा की गई। इनके द्वारा भी प्रस्ताव का नाम एवं हस्ताक्षर नहीं था। इसी तरह चरणदास महंत इनके द्वारा भी निक्षेप राशि नहीं जमा की गई। साथ ही प्रस्ताव की अपेक्षित संख्या व हस्ताक्षर भी नामांकन पत्र में नहीं थे तथा प्रारूप 26 भी अपूर्ण था। संतोष कुमार खुंटे जो अंबेडकर राइट पार्टी से प्रत्याशी थे, इनके नाम निर्देशन पत्र में प्रत्याशी के नाम सहित कई प्रविष्टियां काट दी गई। इसी तरह वेदलाल धनुवार जो शक्ति सेना के प्रत्याशी थे इनके नाम निर्देश पत्र में प्रस्ताव के हस्ताक्षर नहीं थे।

### जाम की समस्या से लोग हो रहे परेशान

**कोरबा।** अब तक ऐसा कोई तंत्र विकसित नहीं हो सका जिसके जरिए कोरबा और कोयलांचल में आए दिन लगने वाली जाम की समस्या को खत्म किया जा सके। यह समस्या लोगों के लिए सिरदर्द साबित हो रही है। कई मामलों में इसकी बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। कहने के लिए शहर में नो पार्किंग जोन बनाया गया है लेकिन इसका पालन कराना सुनिश्चित नहीं हो सका है। खास बात यह है कि जहां पर इस आशय की सूचनाएं लगी है, दुकानों का फैलाव वहां तक हो रहा है। ऐसे में सडक़ें सीमित हो रही हैं और वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है। एसईसीएल के 200 करोड़ से बन रहे कुसमुंडा फोरलेन का काम कछुआ चाल पर जारी है। यहां पर लगने वाले जाम ने कई सवालों को जन्म दिया है।

### एचटीपीपी संयंत्र में अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन



**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम में अग्निशमन संरक्षा सप्ताह मनाया गया। सप्ताह भर चले जागरुकता कार्यक्रम में कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें संयंत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेका कर्मियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान अग्निशमन सेवा विभाग, कोरबा पश्चिम के पदाधिकारियों ने कर्मकारों को अग्निशामक यंत्रों के माध्यम से सुरक्षित तरीके से आग पर काबू पाने के उपाय बताएं साथ ही प्रतिभागियों को ऐसा करने का मौका भी प्रदान किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। 14 से 20 अप्रैल के मध्य आयोजित इन साप्ताहिक जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संयंत्र के कार्यपालक निदेशक संजय शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों द्वारा लोगों को फायर सेफ्टी के महत्व को समझाने, सुरक्षा के नियमों का पालन करने और आग से बचाव के उपायों का अध्ययन करने का अवसर मिलता हैं, जिसके जरिए आपातकालीन परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता बढ़ती हैं। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक संजय शर्मा द्वारा सहायक अग्निशमन अधिकारी जीपी पनरिया, उप अग्निशमन अधिकारी जीपी कैथवास, सहायक अभियंता दीपक देशमुख के निर्देशन में कार्यरत अग्निशमन विभाग, एचटीपीएस, कोरबा पश्चिम की पूरी टीम का आभार जताया।

## कलेक्टर के मार्गदर्शन में जारी है मतदाता जागरूकता अभियान

# साडा कन्या स्कूल की छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



जागरुकता रैली निकालती छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकतंत्र का सम्मान करें सबसे पहले मतदान करें तथा छोड़कर अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान के उद्घोष के साथ साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली में शामिल होकर मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश दिया। वहीं दूसरी ओर नगर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में विशेष फोकस रखते हुए अभियान संचालित हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समीपस्थ आवासीय क्षेत्र में निगम द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, साडा कन्या विद्यालय की छात्राओं ने रैली के माध्यम से मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने मतदान केन्द्र क्र. 172, 173, 174, 179, 177, 176, 178, 175 आदि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए मतदान हेतु की जा रही आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होने मतदान कक्षों की व्यवस्था, बाथरूम व शौचालय रूम, पानी की व्यवस्था, लाईट व्यवस्था, मतदाताओं हेतु छाया की व्यवस्था सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

### केंद्रीय विद्यालय गोपालपुर के छात्रों ने निकाला रैली



प्राचार्य श्रीमती संध्या लकड़ा के मार्गदर्शन में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 गोपालपुर में सुव्यवस्थित मतदाता एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्वीप प्रभारी अमित कुमार पाण्डेय ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विद्यालय में 9 से 24 अप्रैल तक विभिन्न प्रतियोगिता एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विगत दिनों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के तहत विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्साह पूर्वक प्रदर्शन किया गया। शासकीय हाई स्कूल स्याहीमूड़ी में भी शनिवार को स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ फरहाना अली के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### डाक विभाग के कर्मियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए निर्वाचन आयोग कोशिश कर रहा है। हर स्तर पर मतदाताओं को इसका महत्व बताया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरबा के प्रधान डाकघर से कोसाबाड़ी चौक तक प्रातः 9 बजे निकाली गयी। हेड पोस्ट मास्टर विजय दुबे के नेतृत्व में निकाली गई। रैली में विभाग के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी पात्र लोगों को मतदान करने के लिए जागृत किया गया।

## सामान्य प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण


स्ट्रांग रुम का निरीक्षण करते प्रेक्षक एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा ने शनिवार को लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के लिए कोरबा के झगरहा स्थित आईटी कॉलेज एवं कटघोरा के मुकुटधर पांडेय शासकीय महाविद्यालय में निर्मित स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान पश्चात रखे जाने वाले ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने एवं उनकी निगरानी के लिए सुनिश्चित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक ने उक्त स्थानों का निरीक्षण करते हुए स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, सामग्री वितरण, सामग्री मिलान, पार्किंग, मतगणना कक्ष, मतपत्र मतगणना कक्ष सहित पूरे परिसर की समुचित व्यवस्था की जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा ने स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरा, मत पेटी वितरण केंद्र व मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, साफ-सफाई, विद्युत, अग्निरोधक यंत्र, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बैरीकेडिंग, गाड़ियों की पार्किंग, पुलिस बल एवं निगरानी के लिए उचित व्यवस्था करने एवं वितरण तथा मतगणना के दिवस के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने सामान्य प्रेक्षक श्री मीणा को दोनों स्थानों के स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई व्यवस्थाओं एवं अन्य सुविधाओं की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान 2 विधानसभाओं कोरबा एवं रामपुर हेतु मतदान सामग्री का वितरण आईटी कॉलेज झगरहा स्थित स्ट्रांग रूम से किया जाएगा एवं शेष विधानसभा कटघोरा व पाली तानाखार के लिए सामग्री वितरण कटघोरा के मुकुटधर पांडेय शासकीय महाविद्यालय से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त स्थानों में मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# बिजली विभाग करने जा रहा अहम बदलाव अब हर महीने नहीं आएगा बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अगर आप भी भारत देश के निवासी हैं तो आपको बता दे की निजी संस्थान के द्वारा मीटर रीडर के साथ एक विभागीय कर्मचारियों को 2 महीने में एक बार प्रत्येक उपभोक्ता को सही रिपोर्टिंग के साथ बिलिंग सुरक्षित करने के लिए लगाए जाएंगे ताकि बिजली बिलिंग सही से हो सके।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई का प्रभाव मुख्य रूप से रीडिंग मीटर और उपभोक्ताओं के बिलिंग में समस्या का कारण होता है। और ऐसे में बारिश एवं अन्य प्रकृति खतरों के वजह से होता है। आपको बता दे की निजी संस्थान के मीटर रीडर के साथ एक विभागीय कर्मचारियों को 2 महीने में एक बार प्रत्येक उपभोक्ताओं को सही रिपोर्टिंग के साथ बिलिंग सुरक्षित करने के लिए लगाए जाएंगे। आपको बता दे कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं के मासिक बिलिंग व्यावहारिक समस्याओं के प्रमुख वजह होता है। ऐसे में बिजली विभाग की सही रीडिंग प्राप्त करने दूर-दूर गांव में मुश्किल हो जाता है। उपभोक्ताओं को सही बिल नहीं मिल पाता है ऐसे में समस्या को हल करने के लिए हम बिलिंग प्रणाली को हर 2 महीने में बदल सकते हैं। 2 महीने बिल प्रणाली में एक निजी संस्था के मीटर रीडर को शामिल किया जा सकता है। जिससे प्रत्येक ग्राहक की सही रीडिंग सुनिश्चित हो सके और यह उपभोक्ताओं की सही बिलिंग हो सके और शिकायतों का नियंत्रण भी किया जा सके। बिलिंग के दायरे में हरफोक्ताओं को शामिल करने के लिए जीपीएस मैपिंग का अभ्यास शुरू करवाया जा रहा है इससे पता चलेगा कि ग्राहक कहां रहते हैं और बिलिंग कितना सुरक्षित है। सीख रहे हैं सभी कलेक्शन में असमर्थ मीटर लगाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे रीडिंग व्यवस्था में सुधार हो सके और उपभोक्ताओं को बिलिंग में सही जानकारी मिल सके।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेच दी महिला की पैतृक जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

फर्जी दस्तावेज तैयार कर महिला की पैतृक भूमि की बिक्री करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने महिला के नाम से फर्जी मुख्तारनामा बनवाकर जमीन की रजिस्ट्री दूसरे व्यक्ति के नाम पर दी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे आरोपी की तलाश लम्बे समय से की जा रही थी। दरिमा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली महिला मीना कुमारी के कब्जे व स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 7 कुल रकबा 1.0570 हेक्टेयर भूखंड दरिमा में स्थित है। उक्त भूमि में से खसरा नंबर 158/1रकबा 0.215 हेक्टेयर मे से 0.195 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 235 रकबा 0.308 हेक्टेयर भूखंड कों कृष्णा यादव द्वारा मीना कुमारी के नाम से फर्जी मुख़्तारनामा अपने नाम पर बनवाकर मोहम्मद वसीम के नाम पर 23 मई 2023 को बेच दिया गया था। जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद महिला को घटना की जानकारी हुई तो उसने इसका विरोध किया। विरोध करने पर आरपी कृष्णा यादव व अन्य आरोपी द्वारा महिला के साथ अभद्र व्यव्हार करना शुरू कर दिया ऐसे में महिला ने 21 जून 2023 को घटना की शिकायत पुलिस से की थी। महिला की पैतृक जमीन को हड़पने की शिकायत थाने में की गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने कुंदीकला निवासी 42 वर्षीय कृष्णा यादव को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि उसके साथी नवागढ़ निवासी 40 वर्षीय सैय्यद इम्तियाज अली की तलाश की जा रही थी।

- पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार, पूर्व में एक आरोपी जा चुका है जेल

## मनरेगा मजदूरों को 4 सौ रुपए मजदूरी के साथ मिलेगा जीवन बीमा का लाभ : ज्योत्सना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस ने किसान, मजदूर, महिला, बेरोजगारों को न्याय देने के लिए न्याय पत्र तैयार किया है। देशभर के मनरेगा मजदूरों को 400 रुपए मजदूरी के साथ जीवन बीमा का भी लाभ दिया जाएगा। किसानों को कर्ज माफी के साथ-साथ जीएसटी मुक्त खरीदारी का लाभ मिलेगा और प्राकृतिक आपदा से फसल की नुकसानी पर 30 दिन के भीतर मुआवजा देंगे।

उक्त बातें कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने संसदीय क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा व जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सम्मान स्वरूप 8333 रुपए की राशि हर महिने देने का वादा हमने किया है जो सरकार बनते ही पूरा किया जाएगा जिससे महिलाओं का आर्थिक स्वालंबन होगा और वे एक बड़ी बचत भी कर सकेंगी। सांसद ने कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है। हमारे बच्चों का भविष्य खतरे में है। किसानों के लाभ की गारंटी नहीं है। मजदूरों को कभी भी काम से निकाल देते हैं, उन्हें काम की गारंटी नहीं है। देश का संविधान खतरे में है। महिलाओं को छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद तो 3 महिने तक पैसा ही नहीं दिया गया।

## मोदी सरकार गरीबों के लिए लगातार काम कर पहुंचा रही लाभः सरोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी की ओर से आपका प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनाव मैदान में हूं। चुनाव में जीत के लिए आप सभी का सहयोग और आशीर्वाद मांगने आई हूं। केंद्र की मोदी सरकार गरीबों के लिए लगातार काम करके विभिन्न योजनाओं से सीधा लाभ दिया है, किसानों को दो साल का बकाया बोनस और धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रूपये दिया गया। महतारी वंदन योजना से सीधे महिला शक्तियों को नमन किया।

उक्त बातें भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने मारवाही विधानसभा के ग्राम सेखवा, पथरी, अड़भार, रुमगा, अमेराटिकरा, भरीडोड, बरगवा, कुम्हारी, मरवाही, परासी, चंगेरी में आयोजित नुक्कड़ सभा को सबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश में विकास की नई गाथा लिखी गई है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के इस मूलमंत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों, किसानों सहित हर वर्ग के लिए काम करते हैं, उनके द्वारा किए जा रहे देश हित के कार्यों को देखकर कांगेस और अन्य पार्टियां बौखला गई है। हमे किसी की बौखलाहट पर ध्यान नहीं देते हुए विकास के कार्य करना है।

## निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना हम सबका दायित्वः प्रेमसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


बैठक लेते प्रेक्षक श्री मीणा एवं अन्य।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के विधानसभाओं के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन कोरबा जिला अंतर्गत नोडल अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे तथा अन्य नोडल अधिकारियों ने लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान संपन्न कराने की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रेक्षक श्री मीणा ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी रहकर शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रेक्षकों ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा मतदान कराने की भागीदारी को बेहतर पहल बताते हुए सभी अधिकारियों को आपस समन्वय स्थापित कर निर्वाचन संपन्न कराने की बात कही। नोडल अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वसंत ने कोरबा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत विधानसभावार की जा रही तैयारी, प्रशिक्षण, मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी तथा विगत चुनाव की स्थिति सहित अन्य जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कोरबा जिला एवं कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विधानसभा में मतदान केंद्रों, मतदाताओं, अतिरिक्त मतदान केंद्रों तथा मतदान केंद्रों में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने संवेदनशील मतदान केंद्र, वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को होम वोटिंग, मतदान केंद्रों में पीडब्ल्यूडी वोटर हेतु व्हील चेयर तथा रैम्प की उपलब्धता एवं आवश्यक सहयोग हेतु स्काउट गाइड के संबंध में तथा निर्वाचन में संलग्न अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी।

*कोरबा। लोकसभा कोरबा अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार ने शनिवार को कटघोरा और रामपुर विधानसभा अंतर्गत बनाए गए स्थैतिक निगरानी दल के जांच पॉइंट का आकस्मिक निरीक्षण किया।

## गर्मी में ज्यादातर नदी व नाले सूख चुके हैं, जिसकी वजह से वन्य प्राणी हो रहे हलाकान

# केंदई रेंज का बिसरार नाला वन्य प्राणियों के लिए बना संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


केंदई स्थित बिसरार नाला।

अप्रैल के महीने में ही तापमान 43 डिग्री के पार जा पहुंचा है। ऐसे में जंगलों में सन्नाटा पसरा हुआ है। जंगल में स्थित छोटे नदी नाले का पानी सूखने लगा है। ऐसे में जंगल में बसने वाले वन प्राणियों के लिए पानी की विकराल समस्या बनी हुई है। वन्य प्राणियों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए मोरगा बीट के बिसरार नाला में बना हुआ स्टॉप डेम इन वन्य प्राणियों के लिए संजीवनी बना हुआ है।

लगातार बढ़ते तापमान की वजह से जंगल व सड़क विरान होने लगे हैं। जंगल में बसने वाले वन्य प्राणियों को पानी के लिए यहां वहां भटकना पड़ रहा है। कोरबा वनमंडल के करतला वन परिक्षेत्र के मड़वारानी के जंगल में बसने वाले चीतल लगातार पानी की तलाश में रिहायशी क्षेत्र पहुंच रहे हैं और काल के गाल में समा रहे हैं। वहीं इन वन्य प्राणियों को जंगल में पानी मिल सके इसके लिए कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज के मोरगा बीट में आने वाले बिसरार नाला में वन विभाग ने लगभग 30 लाख की लागत से स्टाफ डैम का निर्माण कराया है, जिसे अब उसे पूरी तरह से बांध दिया गया है, जिसका डुबान क्षेत्र लगभग 1 किलोमीटर तक फैला हुआ है। बताया जाता है कि यह स्टाफ डैम इस भीषण गर्मी में इस क्षेत्र में बसने वाले हाथी सहित अन्य वन्य प्राणियों के लिए किसी संजीवनी से कम साबित नहीं हो रहा है। इस स्टाफ डैम के आसपास हाथी अटखेलिया करते नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अन्य वन्य प्राणी भी पानी पीने के लिए लगातार इस स्टाफ डैम में पहुंच रहे हैं।

### रबी फसल का बढ़ा रकबा

कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले पसर खेत व कुदमुरा रेंज में वन विभाग द्वारा स्टॉप डेम तैयार किया गया है। स्टॉप डेम तैयार हो जाने से इस इलाके में बसने वाले किसानों द्वारा रबी फसल की खेती की जा रही है और बड़े पैमाने पर फसल उपज कर किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। इस भीषण गर्मी में स्टाप डेम के आसपास किसान खेती कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर धरमजयगढ़ वनमंडल से कोरबा वनमंडल के कुदमुरा व पसरखेत रेंज में दस्तक देने वाले हाथियों का झुंड इन स्टॉप डेम में ही शाम को अक्सर नजर आते हैं और फसल को भी चट कर जाते हैं। पिछले दिनों धरमजयढ़ से पहुंचे हाथियों की झुंड इस इलाके में लगे बड़े पैमाने पर रबी फसल को चट कर गए थे।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप

### असुविधा से बचने सीएसईबी देगा अस्थाई कनेक्शन : माधवी



**कोरबा।** बुधवारी बाजार में लगने वाली दुकानों में बिजली का उपयोग तो जरूर हो रहा है लेकिन अवैध रूप से लंबे समय से यह काम धड़ल्ले से चल रहा है और इसके जरिए सीएसईबी को चपत लगाई जा रही है। मामला सीएसईबी के संज्ञान में है लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दूसरी ओर पाड़ीमार जोन की सहायक अभियंता माधवी पटेल ने सुझाव दिया है कि गर्मी में संसाधन का उपयोग करने के लिए बुधवारी बाजार के लोग सीएसईबी से अस्थाई कनेक्शन ले सकते हैं।

### आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-विजिल का अर्थ सिटीजन विजिलेंस यानी नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। निर्वाचन को ठीक से संचालित करने के लिए विश्वास-आधारित साझेदारी की आवश्यकता है और यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। कलेक्टर ने जिले के सभी नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर्स सहित अन्य अधिकारियों को सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

### डीएवी खरमोरा में मनाया गया समर्पण दिवस



**कोरबा।** डीएवी खरमोरा के विद्यालय प्रांगण में महात्मा हंसराज जयंती मनाया गया। प्राचार्य, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के द्वारा भाषण व कहानी द्वारा महात्मा हंसराज के जीवन चरित्र तथा कार्यों को याद किया गया। प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी द्वारा विद्यार्थियों को महात्मा हंसराज के भारतीय दर्शन तथा शिक्षा के क्षेत्र में योगदान से अवगत कराया गया। प्राचार्य ने बताया डीएवी भारत की सबसे बड़ी गैरसरकारी शैक्षणिक संस्था है।

### ब्लड बैंक के कर्मी के साथ हुज्जतबाजी, मामला दर्ज



**कोरबा।** एक युवक द्वारा ब्लड बैंक के कर्मी के साथ हुज्जतबाजी की गई थी। घटना ब्लड बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई थी। ब्लड बैंक कर्मी की शिकायत पर पुलिस ने युवक पर धारा 294, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। निहारिका क्षेत्र स्थित बिलासा ब्लड बैंक में शुक्रवार देर रात बृजेश नामक युवक कर्मचारी के साथ मारपीट को अंजाम दिया। सारी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो चुकी है। इस संबंध में पीड़ित कर्मचारी ने सिविल लाइन थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। कर्मचारी लैब टेक्नीशियन भूपेंद्र पटेल ने बताया कि रात करीब 10.30 बजे वह ड्यूटी पर था कि तभी बृजेश यादव नामक एक युवक शराब के नशे में धुत्त होकर ब्लड बैंक पहुंचा। लैब टेक्नीशियन भूपेंद्र पटेल के बताए अनुसार ब्लड बैंक में एक व्यक्ति ब्लड लेने के लिए पहुंचा था, उसे ब्लड की आवश्यकता था। वह युवक ब्लड बैंक से ब्लड के बादले अपना ब्लड देना चाहता था, लेकिन वह नशे में था इसलिए भूपेन्द्र ने उसका ब्लड लेने से मना कर दिया दिया। इसी बात पर बृजेश यादव द्वारा शराब के नशे में उसका ब्लड लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा था और इससे मना करने पर विवाद करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। इस मामले में सिविल लाइन पुलिस ने बृजेश यादव के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### 1 जून तक एग्जिट पोल और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन को प्रतिबंधित किया गया है।

## अजगरबहार में एक वर्ष पूर्व से चल रही तहसील को अब तक नहीं मिला भवन

# नहीं मिली एनओसी, अटका है तहसील कार्यालय के भवन निर्माण का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा अनुविभाग के अंतर्गत आने वाली अजगरबहार तहसील को अब तक उसका भवन नहीं मिल सका है। तहसील को चलते हुए एक साल से अधिक का समय बीत चुका है और भवन निर्माण के लिए एनओसी नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है।

**खास बात**

- जिला आदिवासी सेवा सहकारी समिति के गोदाम का निर्माण भी अटका

सप्ताह में एक दिन ही तहसील संचालित हो पा रही है। वहीं लेमरू में शुरू हुआ तहसीलदार का लिंक कोर्ट भी नहीं चल पा रहा है।

जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर अजगरबहार में डेढ़ वर्ष पूर्व तहसील कार्यालय का संचालन शुरू किया गया था। भवन की सुविधा न होने की स्थिति में तहसील कार्यालय का संचालन ग्राम पंचायत के भवन में वैकल्पिक तौर पर प्रारंभ किया गया था, जो आज तक ग्राम पंचायत के भवन में ही संचालित हो रहा है। तहसील कार्यालय के लिए नये भवन के लिए जमीन के चयन का काम राजस्व विभाग के द्वारा शुरू किया गया था, लेकिन जिस स्थान पर जमीन मिली वह वन विभाग के अंतर्गत आती है। साथ ही ग्राम अजगरहार से दूर होने के कारण पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पर अपनी सहमति नहीं दी। फलस्वरूप जमीन चयन के लिए विभाग ने दूसरी जगह तलाश की, वहां भी वन विभाग की जमीन आने के कारण एनओसी की प्रक्रिया शुरू की गई। मामला तकनीकी दृष्टि से लंबा होने के कारण उसकी स्वीकृति अब तक नहीं मिली है। फलस्वरूप तहसील भवन के निर्माण का कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। ग्रामीणों की मांग पर लेमरू में भी लिंक कोर्ट शुरू किया गया था। शुरू में यह कार्य तेजी से चला, लेकिन अब वह भी नियमित रूप से नहीं चल पा रहा है। वन विभाग की एनओसी नहीं मिलने की वजह से जिल्गा क्षेत्र में आदिवासी सेवा सहकारी समिति के लिए गोदाम की स्वीकृति दी गई थी और इसके लिए राशि भी जारी की गई, जमीन के लिए तहसीलदार के द्वारा एनओसी की प्रक्रिया शुरू करते हुए वन विभाग को पत्र प्रेषित किया गया, किंतु अब तक उनके द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने से गोदाम का निर्माण भी अटका पड़ा हुआ है। गोदाम न होने के कारण धान एवं बीज रखने के लिए समिति के पास पर्याप्त जगह नहीं है। जिसके कारण समिति के संचालक मंडल के द्वारा इसके संबंध में पत्र भी प्रेषित किया गया है, किंतु वन विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंगी।

**पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन को कराया है अवगत**

अजगरहार तहसील कार्यालय के लिए जमीन के लिए एनओसी नहीं मिलने के प्रकरण से ग्राम के निवासी डॉ.गूंजलाल राठिया ने जिला प्रशासन को अवगत कराया है। श्री राठिया ने बताया कि राजस्व जमीन का सही रूप से निर्धारण नहीं होने के कारण विवाद की स्थिति बार बार निर्मित हो रही है जिसका निराकरण नहीं होने के कारण शासकीय कार्य क्षेत्र में रूके पड़े हुए हैं। इसके लिए जिला प्रशासन को लिखित रूप से भी अवगत कराया गया है। तहसील कार्यालय शुरू होने से आसपास के ग्रामीणों को एक बड़ी सुविधा मिली है।

**तहसील अंतर्गत आते हैं 12 हल्के**

अजगरबहार तहसील अंतर्गत कुल 12 हल्के आते हैं, इन 12 हल्कों में 17 गांव शामिल है। सभी वनांचल ग्राम है जहां वन भूमि ज्यादा हैं। ग्रामीणों के खेत भी जंगलों में होने के कारण सीमांकन के समय कभी-कभी वन भूमि का दायरा आ जाता है। उक्त क्षेत्र में वन अधिकार के पट्टे भी काबिजधारियों को वितरित किए गए हैं। जिनका राजस्व रिकार्ड में दर्ज किए जाने का काम अभी भी पूरा नहीं हो सका है, जिसके कारण ग्रामीणों को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

## दिल्ली की टीम ने गढ़ उपरोड़ा व तिलकेजा अस्पताल का किया निरीक्षण



सरकारी अस्पताल का ऑपरेशन थिएटर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी को लेकर काम किया जा रहा है, जिससे मरीजों को तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जा सके। विभाग द्वारा ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों में संसाधन बढ़ाने की कवायद की जा रही है। इसी बीच दिल्ली से आई टीम ने गढ़ उपरोड़ा और तिलकेजा के सरकारी अस्पताल का जायजा लेकर यहां की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को परखा।

जिले के मुख्यालय में मेडिकल कॉलेज के साथ एक अपर सीएचसी और पांचों ब्लॉक में इसी स्तर के अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा सैंकड़ों की संख्या में प्राथमिक और लघु स्वास्थ्य केंद्र भी चलाए जा रहे हैं इनके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। प्रदेश सरकार ने यहां पर अधोसंरचना विकसित करने के साथ संसाधनों को बढ़ाया है। भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाई जा रही कायाकल्प योजना से भी अनेक अस्पताल पुरस्कृत हुए हैं। इससे उन्हें अपनी व्यवस्था को बेहतर करने का विकल्प मिला है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए निरंतर जतन हो रहे हैं। दिल्ली से आई टीम के द्वारा हाल में ही गढ़ उपरोड़ा और तिलकेजा के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया गया और वहां की गुणवत्ता से लेकर कामकाज के तौरतरीकों को जाना गया। जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले के अनेक स्वास्थ्य केंद्रों को कायाकल्प योजना में शामिल करने के लिए कई प्रकार के काम किए गए हैं।

## ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाइवे में तेज रफ्तार ट्रेलर की ठोकर से बाइक सवार दो युवक सड़क पर जा गिरे। घटना में दोपहिया सवार युवक को चोटें आई है। उसे स्थानीय अस्पताल से प्राथमिक उपचार पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मामले में पुलिस विवेचना कर रही है।

घटना गुरूवार की देर रात घटित हुई। बताया जा रहा है कि कोरबी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम कुल्हरिया पाली निवासी मनमोहन सिंह अपने साथी संत कुमार के साथ बाइक से किसी काम से कटघोरा आया था, जहां से देर रात दोनों घर लौट रहे थे। वे चोटिया पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे थे, इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने उनकी बाइक क्रमांक सीजी 12 बीएल 8743 को ठोकर मार दिया। ट्रेलर की ठोकर लगते ही बाइक सवार दोनों युवक सडक़ पर जा गिरे। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन सहित भाग निकला। घटना में मनमोहन गंभीर रूप से घायल हो गया,जबकि संत कुमार को भी चोटें आई थी। राहगीरों ने उसे खून से लथपथ देख डॉयल 112 व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल भेज दिया, जहां से मनमोहन की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

**बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, मौत**

दीपका थाना अंतर्गत गेवरा के 132 केवी सब स्टेशन के पास एक बेकाबू बोलेरो में मोटरसाइकिल सवार को अपने लिया चपेट में ले लिया। दुर्घटना इतनी जबरदस्ती की मौके पर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया है। घटना में मोटरसाइकिल चालक का हाथ, पैर टूट गया हैं जिन्हें राहगिरों ने गंभीर अवस्था में घायल को अस्पताल पहुंचा गया। गेवरा नगर प्रशासन सिविल ऑफिस में कार्यरत जुग्गीलाल चुटेल सफाई कर्मचारी है, वह अपने ससुर को खिलावन बेरिहा को लेकर दीपका से शक्ति नगर जा रहा था। उसी दरमियान एक बोलेरो के चपेट में आ गया और और जुग्गीलाल के ससुर खिलावन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



## बालको व चैतमा रेंज में लगातार लग रही आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



चैतमा के जंगल में लगी आग।

जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जा रहा है वैसे ही जंगल में भी आग लगने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। जंगल को आग से बचने की दिशा पर वन विभाग लगातार प्रयास कर रहा है, लेकिन कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लग रही है। बालको और चैतमा रेंज के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर आगजनी की घटना सामने आई है। जिससे जंगल में लगे वन औषधि व पेड़ पौधे बुरी तरह जलकर खाक हो गए हैं। हालांकि समय रहते वन विभाग की टीम ने इस झग बुझाने में कामयाबी हासिल की है।

उल्लेखनीय है कि गर्मी का सीजन शुरू होते ही जंगल में आगजनी का सिलसिला शुरू हो जाता है। अप्रैल के महीने में तापमान 43 डिग्री के पास जा पहुंचा है। ऐसे में जंगल धू-धूकर चल रहा है। कोरबा और कटघोरा वनमंडल के कई इलाकों में लगातार आगजनी की घटना सामने आ रही है। नया मामला बालको रेंज के दूधीटांगर व लेमरू मार्ग में सामने आई है। इस इलाके में कई जगह जंगलों में आग लगी है। आगजनी की सूचना पर वन विभाग की टीम लगातार मौके पर पहुंच रही है और आग को काबू करने का लगातार प्रयास कर रही है। लेकिन जिस तरह से जंगल में आग लग रहा है उसे निश्चित तौर पर विभाग को भारी नुकसान हो रहा है। वहीं दूसरी ओर कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज में भी आगजनी की कई घटनाएं सामने आई है। बताया जाता है कि चैतमा रेंज में लाख उपाय करने के बावजूद भी वन विभाग जंगल में आगजनी रोक पाने में असफल रहा है। बीट गॉड एवं वन परिक्षेत्र सहायकों के लिए बनाए गए आवास जर्जर हो चुके हैं, पदस्थ कर्मचारी अधिकारी अपने मुख्यालय में नहीं रहकर अपने घर से आना-जाना करते हैं, जिसके चलते क्षेत्र के जंगलों में आगजनी एवं अवैध कटाई व बेजाकब्जा आम बात हो गई है। बीते 19 अप्रैल को इरफ बीट के गोपालपुर तो हाथी बाड़ी के जंगल में आग लगी थी। जब तक कर्मचारी को सूचना मिली सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तब तक आधा से अधिक जंगल जल चुका था, इस दावानल से निकलने वाले नए-नए पौधे एवं जड़ी बूटी भी जलकर राख हो गई। इस संबंध में बीट गार्ड भीम पटेल से पूछने पर उन्होंने बताया की आग बुझा दिया गया है।

**बांकीमोंगरा के रिजर्व फॉरेस्ट में लगी आग**



**कोरबा।** गर्मी के दिनों में जंगलों में आग लगना आम बात है आग अपने आप तो लगती नहीं या तो लगाईं जाती है या फिर किसी की लापरवाही होती है। ऐसी ही एक घटना बांकीमोंगरा के रिजर्व फॉरेस्ट 790 में दिखाई दी यहां लगे बांस के जंगल में लगातार दो दिनों तक आग लगी या फिर लगाई गई। अधिवक्ता अमित सिन्हा ने बताया कि 16 अप्रैल को जब वह कटघोरा जा रहे थे तब उन्होंने जंगल में आग लगा देखा वहीं 18 अप्रैल को पुनः वें कटघोरा जाते हुए देखा कि बासबाड़ी के जंगलों में भीषण आग देखी जिसकी सुचना उन्होंने अधिकारियों को दी। श्री सिन्हा ने बताया कि 18 अप्रैल को उन्होंने दो लोगों को मुंह में कपड़ा बांधकर बांसबाड़ी में आग लगाते देखा आगे उन्होंने कहा कि वन विभाग के कर्मचारी आग बुझाने का काम करते हैं फिर यह कौन लोग हैं जो जंगल में आग लगा रहे हैं क्या वाकई में जंगल में आग लगाई गई है अगर लगाई गई है तो यह किसी बड़ी साजिश कहीं जा सकती है। क्योंकि पहले लोग जंगल में आग लगाते हैं फिर उसी खाली पड़े जगह पर कब्जा कर लेते हैं, इसमें कहीं ना कहीं वन विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत रहती है।

## बस से गिरा बैग, बाइक सवार युवक ले भागे, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे में निजी बस चालकों की लापरवाही के कारण न सिर्फ लोग हादसे का शिकार होते हैं, बल्कि कीमती सामान से भी हाथ धोना पड़ता है। ऐसा ही एक वाक्या शहर में रहने वाले युवक के साथ हुआ। उनके हाथ से कम्प्यूटर लैपटाप सहित कीमती सामान से भरा बैग छुटकर बस से नीचे जा गिरा। वे संभल पाते, इससे पहले चालक ने रफ्तार बढ़ा दिया, जिसका फायदा उठाते हुए बाइकर्स बैग को लेकर फरार हो गए।

दरअसल सिविल लाइन रामपुर थानांतर्गत महाराणा प्रताप नगर में प्रांजल पांडेय निवास करते हैं। वे श्रीराम ऑटोमाल इंडिया लिमिटेड के कोरबा में कार्यरत हैं। वे 17 अप्रैल को आफिस से संबंधित काम में सिलसिले में अंबिकापुर गए थे, जहां से दूसरे दिन 18 अप्रैल को काम निपटाकर शिवम बस में रतनपुर जा रहे थे। रात करीब 10.50 बजे बस नेशनल हाइवे के ओछिनापारा रतनपुर ओवरब्रिज के पास पहुंची थी। इसी दौरान बस के परिचालक ने रतनपुर के यात्रियों को दरवाजे के पास आने की बात कह दी। उसकी आवाज सुन श्री पांडेय जैसे ही बैग लेकर दरवाजे की ओर बढ़े, नीचे रखे जूता चप्पल में पैर के फंसने से लडख़ड़ा गए। उनके हाथ से छूटकर बैग बस के नीचे सडक़ पर जा गिरा। वे संभल पाते, इससे पहले ही चालक ने बस की रफ्तार बढ़ा दी। उनके आवाज लगाने के बावजूद बस काफी दूर चली गई। वे जैसे ही बस से उतरकर अपने बैग की ओर बढ़े, बाइक में पहुंचे दो युवक बैग को लेकर फरार हो गए। जिसकी सूचना श्री पांडेय ने तत्काल रतनपुर थाना पहुंचकर दे दी है।

## प्रेक्षक से आम नागरिक निर्वाचन संबंधी कर सकते हैं शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा निर्वाचन कोरबा लोकसभा अंतर्गत जिले के सभी चारों विधानसभा रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरबा हेतु सामान्य प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा आईएएस से आमनागरिक सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस कक्ष क्रमांक-1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसी तरह उनके मोबाइल नम्बर 76470 45883 में सम्पर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है। इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के दो विधानसभा (भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़), जिला कोरिया के 1 विधानसभा (बैकुण्ठपुर) एवं जिला गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही के 1 विधानसभा (मरवाही) हेतु सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे (आईएएस) को नियुक्त किया गया है।




## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान अज्ञात महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ईलाज के दौरान एक वृद्धा की मौत हो गई। उसका बीते 13 दिनों से इलाज चल रहा था। पुलिस ने शव को मर्च्युरी में रखवाते हुए शिनाख्ती के लिए प्रयास शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि 5 अप्रैल को मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत एक वृद्धा गंभीर हालत में मिली थी। सूचना मिलने पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल करा दिया, जहां स्वास्थ्य कर्मी वृद्धा का उपचार के साथ साथ देखभाल कर रहे थे। इसके बावजूद कोई भी परिजन उसका सुध लेने नही पहुंचा।

आखिरकार वृद्धा की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में मेमों मिलने पर अस्पताल पुलिस ने शव को सुरक्षित मर्च्युरी में रखवाते हुए मृतिका की शिनाख्ती का प्रयास कर रही है। इसके लिए जिले के अलावा पड़ोसी जिलों की पुलिस को भी अवगत कराया गया है।







